# कार्यालय प्राचार्य, शासकीय होलकर (आदर्श, स्वशासी) विज्ञान महाविद्यालय, इन्दौर

भंवरकुआ, ए.बी. रोड़, इन्दौर (म.प्र.) फोन–0731–2446806 Email-heghscind@mp.gov.in, principalhsc@rediffmail.com


———————

दिनांक :– 30.10.2025

## मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना के संबंध में तृतीय सेमेस्टर हेतु महत्वपूर्ण सूचना

सत्र 2025–26 में महाविद्यालय के स्नातक/स्नातकोत्तर स्तर के तृतीय सेमेस्टर में प्रवेशित समस्त विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि जिन विद्यार्थियों द्वारा मुख्यमंत्री जनकल्याण (संबल) योजना (**MMJKY**) के तहत प्रवेश लिया गया है, उन्हें निम्नानुसार कार्यवाही करना आवश्यक है –

1. डी.टी.ई. की वेबसाईट पर ऑनलाईन रिन्यूअल आवेदन करना।
2. ऑनलाईन आवेदन में कोर्स की पूर्ण शुल्क राशि लिखना आवश्यक है।
3. ऑनलाईन आवेदन की हार्डकॉपी समस्त दस्तावेजों सहित संबंधितों के हस्ताक्षर उपरांत मुख्य कार्यालय के छात्रवृत्ति शाखा में जमा कराना।

–: दस्तावेजों की सूची :–

1. योजना का ऑनलाईन आवेदन फार्म (जिस पर अपने तथा अभिभावक के हस्ताक्षर करें)।
2. ऑनलाईन ई–प्रवेश के माध्यम से जमा प्रवेश रसीद की छायाप्रति (राशि रू. 10/– या 500/–)।
3. 10वीं की अंकसूची की छायाप्रति।
4. 12वीं की अंकसूची की छायाप्रति।
5. उत्तीर्ण कक्षा की छायाप्रति।
6. कलेक्टर कार्यालय अथवा तहसीलदार द्वारा पिता/अभिभावक को जारी वार्षिक आय का प्रमाण–पत्र (इसी सत्र में जारी रू. 08.00 लाख से कम का) की छायाप्रति।
7. स्थानीय निवासी अर्थात् मूल निवासी प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
8. मुख्यमंत्री संबल योजना के लिए जारी प्रमाण–पत्र की छायाप्रति।
9. समग्र आई.डी. की छायाप्रति।
10. आवेदक के आधार कार्ड की छायाप्रति।
11. योजना के विगत वर्ष के स्टेटस की छायाप्रति।
12. विद्यार्थी आवेदन फार्म के प्रथम पृष्ठ पर अपना कक्षा, सेक्शन तथा वर्तमान मोबाईल नंबर लिखना सुनिश्चित करें।

नोट – उपरोक्त कार्यवाही ना करने पर योजना का लाभ नहीं मिल सकेगा, जिसके लिए विद्यार्थी स्वयं जवाबदार होगें।

प्रशासनिक अधिकारी | उप–प्राचार्य | प्राचार्य